Title: Need to conduct a fresh survey to identify people living below poverty line in Rajasthan. – Laid.

श्री रामस्वरूप कोली (बयाना, राजस्थान):अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों का फिर से सर्वेक्षण किया जाये क्योंकि अनेक ऐसे मामले देखने में आये हैं, जो व्यक्ति इस रेखा से ऊपर हैं, वह गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं, किंतु जो वास्त व में गरीबी रेखा से नीचे रह रहे हैं, उन्हें वह लाभ/सुविधायें नहीं मिल रही हैं, जिनके वह पात्र हैं।

मुझे विश्वास है कि सरकार इस मामले को तत्परता से देखेगी तथा आवश्यक कार्यवाही बिना विलम्ब के करेगी।